भाजपाईयों ने आम बजट पर जताई खुशी

करौली हिंडौन सड़क स्टेट हाईवे 22 पर फोर लेन,उच्च स्तरीय पुल एवं करौली में बाईपास निर्माण की डी.पी.आर. जैसी सौगात पर भाजपाई खुश

करौली (नि.स.)। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने भजनलाल सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 की आम बजट विधानसभा में पेश करने पर खुशी मनाई एवं मिठाइयां बांटी।

इस दौरान जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला ने बताया कि राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा राजस्थान की उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी द्वारा विधानसभा में बजट पेश किया गया जो बहुत सराहनी है और राजस्थान के भविष्य को उज्जवल बनाने वाला है। करौली के लिए करौली हिंडौन सडक स्टेट हाईवे 22 पर फोर लेन,उच्च स्तरीय पुल एवं करौली में बाईपास निर्माण की डीपीआर जैसी सौगात करौली को मिलने पर भाजपाइयों ने हर्ष जताया और खुशियां मनाई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला,पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा,मंडल महामंत्री आशीष जैन,तरुण शर्मा एडवोकेट,धन सिंह माली,भाजपा नेता कुलदीप पाठक,उत्तम सिंह जादौन, धर्मेंद्र सिंह जादौन, सोनू सारस्वत,माधव हरदैनिया,पूर्व पार्षद धर्मेंद्र शर्मा उर्फ छन्नू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। हिण्डौन सिटी संवाददाता के अनुसार : सरकार की ओर से बुधवार को पेश किए गए बजट में हिंडौन विधानसभा क्षेत्र को 110 करोड रुपए की लागत से बनने वाले ओवर ब्रिज एवं श्री महावीर जी में पुल निर्माण की सौगात मिली। इधर सरकार के बजट की भाजपाइयों ने सराहना की है तो वहीं कांठोसियों ने ऐसे नकार दिया है।

करौली में भाजपाईयो ने आये आम बजट की सरहना करते हुए खुशियां मनाई।

उल्लेखनीय की नई सुबह की नई सरकार के द्वारा बुधवार को विधानसभा के मानसून सत्र में नया बजट पेश किया गया । जिसमें पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजकुमारी जातक की ओर से की गई मांग के बाद राजस्थान सरकार की वित्त मंत्री व उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी ने बजट भाषण में हिंडोन विधानसभा के लिए दो बड़ी बड़ी सौगातों की घोषणा की जिसमें मिली बयाना रोड से करौली रोड के लिए 85 करोड रुपए मंजुर किये गए है । शहर में फोरलेन से बाईपास के बाद भीड़ से जनता को निजात मिलेगी । इसी तरह 25 करोड रुपए महावीर गंभीर नदी पर पुल बनेगा। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मा डागुर ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा आज जारी किए गए बजट में राजस्थान की जनता को भारी सौगात दी है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भजनलाल सरकार ने जब से शपथ ली है तभी से घोषणा पत्र को पूरा करने में लगे हुए है और लगभग सरकार को अभी 6 माह पूरे हुए है और घोषणा पत्र में किए गए 45 प्रतिशत से अधिक वादे भाजपा की भजनलाल सरकार ने पूरे कर भी दिए है ।

डागूर ने कहा कि बजट में जो घोषणाएं हुई है वो आमजन को राहत पहुंचाने वाली है हम सभी बजट की सराहना करते है । धर्मा डागुर ने बजट की सराहना करते कहा है कि बजट में पानी, बिजली सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा गया है बजट 2024 से राजस्थान की जनता को राहत मिलेगी और गत सत्र में कांठोस द्वारा किए गए झूठे वादों से छुटकारा मिलेगा ।

जेवर चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

करौली (नि.स.)। करौली कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शिकारगंज चौराहे से सोने के जेवरात एवं अन्य सामान से भरे बैग को चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बालक को निरुद्ध किया है।

करौली कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि गत दिन चोरी की घटना को तत्परता दिखाते हुए थाने के सब उप निरीक्षक ओमप्रकाश पुलिस दल के साथ सीसीटीवी करौली कास्बा सहित गंगापुर मोड,मामचारी होते हुए कैलादेवी पहुंचे जहां पर संदिग्ध स्थानों पर तलाश की गई एवं यात्री निवासो में तलाश करते हुए तेजल यात्रा निवास पहुंचे।

इस दौरानयात्री निवास के सभी कमरों को चैक किया गया इस दौरान एक कमरे में आरोपी मनीष पुत्र गोकुल प्रसाद सांसी निवासी हुलखेड़ी थाना बोडा, जिला राजगढ मध्य प्रदेश, गौरव पुत्र गोविंद सांसी निवासी कडिया थाना बोडा मध्य प्रदेश एवं एक बालक विधि से संघर्षरत मिला जिनकी तलाशी ली गई तो मनीष की जेब में एक सोने की चैन, एक अंगूठी मिली,गौरव कि जब से एक सोने की चैन और एक अंगूठी मिली जिसको जप्त करते हुए उन्हें हिरासत में लिया गया एवं विधि से संघर्षरत बालक को बाल सुधार गृह करौली में दाखिल करवाया गया जिनसे पूछताछ की जा रही है।

भा.वि.प. के स्थापना दिवस पर पौधे रोपे

करौली (नि.स.)। भारत विकास परिषद के 62 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में शाखा करौली द्वारा एक सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि स्थापना दिवस के उपलक्ष में परिषद द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत सेवा कार्य किया जा रहे हैं इसी क्रम में बुधवार को सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा के पर्यावरण प्रकल्प प्रभारी दिनेश सेठी ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम रिजर्व पुलिस माउंटिंग शाखा करौली में किया गया जिसमें शंकर लाल मीणा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। वृक्षारोपण शाखा द्वारा 31 वृक्ष रोपित किए गए जिनके पालन पोषण की जिम्मेदारी रिजर्व पुलिस माउंटेन शाखा के इंचार्ज और जवानों द्वारा ली गई। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रांतीय पर्यावरण प्रकल्प प्रभारी सीताराम शर्मा, प्रांतीय आईटी प्रभारी योगेंद्र सिंहल,शाखा अध्यक्ष तुलसीदास गोयनका,सचिव कमलकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष अरविंद अठावाल,उपाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, जुगल किशोर चतुर्वेदी, संरक्षक शंभू दयाल शर्मा, गोविंद लोहे वाले, राधेश्याम मित्तल, कैलाश बजाज, महेश गुप्ता व्याख्याता, मंजू लता गोयल, शुचि सिंहल, सरला सेठी, बालकृष्ण शर्मा, सुमित गर्ग, महेश गुप्ता अभिकर्ता, नगेंद्र शर्मा, श्यामलाल चतुर्वेदी, दीनदयालएवं गणेश प्रजापत आदि सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे साथ में पुलिस विभाग के लाइन ऑफिसर दिनेश सिंह, रिसाला इंचार्ज सत्येंद्र नाथ शर्मा एवं विभाग के अन्य चेतराम, विश्वेंद्र,रविंद्र,महेंद्र आदि का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

बच्चों को स्कूल भेजने का संदेश दिया

करौली (नि.स.)। जिला प्रशासन एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा जिलें में ड्रॉप आउट,अनामांकित एवं शिक्षा एवं विद्यालयों से वंचित बच्चों को पुनः विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिए जिले में 24 जून से 13 जुलाई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जिले के महिला बाल विकास,बाल अधिकारिता शिक्षा,पंचायतीराज, महिला अधिकारिता,चिकित्सा विभाग सहित विभिन्न सामाजिक एवं गैर सरकारी संगठनों, नेहरू युवा केंद्र, स्वयं सेवक आदि द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

बुधवार को करौली जिले के हिंडौन, मंडरायल, सपोटरा, मासलपुर, करौली आदि ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों के तत्वावधान में छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकालकर आमजन को शिक्षा के प्रति जागरूक कर बच्चों को विद्यालयों में भेजने हेतु प्रेरित किया गया ।

सम्भागीय आयुक्त ने सुनी जन समस्याएं

भरतपुर (निस)। सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें 21 परिवाद प्राप्त हुए जिनका मौके पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर समाधान कराया गया। सम्भागीय आयुक्त ने कहा कि जनसुनवाई को सभी अधिकारी प्राथमिकता देकर आमजन को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाला कोई भी नागरिक निराश होकर नहीं लौटे, आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कराते हुए विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से अवगत भी करायें। उन्होंने सभी अधिकारियों को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न स्तर पर आयोजित जनसुनवाईयों में प्राप्त परिवादों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में खेतों की पैमाईश, निजी बैंकों से लोन में छूट दिलाने, कन्या छात्रावास में प्रवेश दिलाने, शिक्षा का अधिकारी अधिनियम के तहत प्रवेश दिलाने सम्बंधी प्रकरण प्राप्त हुए। सम्भागीय आयुक्त ने मौके पर ही सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक लेकर शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश दिलाने की प्रकिया पूरी करायी। कन्या छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन तैयार कर ऑनलाईन कराया। शहरी क्षेत्र में नाली सफाई से सम्बंधित परिवाद के लिए मौके पर नगर निगम की टीम को भिजवाकर सफाई करने के निर्देश दिए।

सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी ।

पौधारोपण कर मनाया वन महोत्सव

करौली (नि.स.)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जुंगीनपुरा में भारत स्काउट गाइड के कब बुलबुल एव स्काउट गाइड के द्वारा स्काउट मास्टर और ट्रेनिंग काउंसलर राजेश कुमार सारस्वत के निर्देशन में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर,मोक्ष धाम के साथ करौली हिंडौन रोड पर दोनो ओर किया गया।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के सचिव मुकेश कुमार सारस्वत ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में विभिन्न विद्यालयों में स्काउट इको क्लब के माध्यम से वन महोत्सव एवम हरियालो राजस्थान के तहत वृक्षारोपण के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसके तहत 2100 पौधे रोपण कर वृक्ष तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इसी कड़ी में जुंगींनपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर,करौली हिंडौन रोड एवं गांव स्थित मोक्ष धाम में पौधों का रोपण किया गया जिसकी देखभाल,सुरक्षा की जिम्मेदारी बच्चों विद्यालय स्टाफ स्काउट गाइड एवं स्थानीय लोगों ने ली। इस अवसर पर ठामीण समय सिंह, हरकेश, महेश, सत्येंद्र के द्वारा भी पौधे लगाए गए साथ ही विद्यालय स्टाफ मे मनीषा शर्मा,कल्पना शर्मा,राजीव कुमार मीणा, सरोज कुमारी मीणा, प्रियंका गोयल, अंताबाई गुर्जर, अंजू मीना, रविना कुमारी के द्वारा पौधे लगा कर देख रेख की जिम्मेदारी ली।प्रभारी सारस्वत ने बच्चों को पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि एक वृक्ष सो पुत्र के समान होता है अतः हम संकल्प लें की अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित ठामीण जनों ने भारत स्काउट गाइड की वन महोत्सव की घर-घर प्रशंसा की और हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

- **विभिन्न विद्यालयों में स्काउट इको क्लब के माध्यम से वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है**

हथियार लेकर घूम रहा युवक पकड़ा

गंगापुर सिटी । वजीरपुर पुलिस ने बुधवार को अवैध हथियार लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 315 बोर का अवैध देसी कट्टा जब्त किया गया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वजीरपुर थानाधिकारी विजयसिंह छौंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर खेडला मोड पर वजीरपुर से रामबकील पुत्र रामकुमार गुर्जर, निवासी मठ थाना वजीरपुर जिला गंगापुर सिटी को एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में थानाधिकारी विजय सिंह छौंकर, हैड कॉन्स्टेबल प्रकाशचंद, हरिसिह, तेजवीर सिंह, मानवेन्द्र मौजूद रहे।

भामाशाहों ने दिया 4 लाख रूपये का सहयोग

हिण्डौन सिटी। छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक हादसे में हुई श्रमिक की मौत के बाद छत्तीसगढ़ में ठेकेदारी करने वाले प्रवासी ठेकेदारों ने 4 लाख तीन हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की है। रायपुर से आए ठेकेदारों के एक ग्रुप ने बुधवार को मृतक के घर तीये की बैठक में पहुंचकर पंच पटेलों की मौजूदगी में मृतक के परिवार जनों को सहायता राशि सुपुर्द की। परिजनों के अनुसार गांवडी मीणा गांव निवासी जगदीश छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। इस बीच 7 जुलाई की रात्रि को वह छत से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। । जिसके परिवार में पत्नी के अलावा चार छोटी- छोटी बेटियां हैं। परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए हिंडौन के आसपास के कई गाँवों से रायपुर में रहकर ठेकेदारी का कार्य करने वाले ठेकेदारों ने श्रमिक के परिवार जनों को सहायता देने का मन बनाया। मुहिम की शुरुआत हुई तो जगदीश के शव को एंबुलेंस के जरिए गांवड़ी मीना लाया गया। जहां दाह संस्कार के बाद बुधवार को हुई तीये की बैठक में पहुंचे ठेकेदारों के ग्रुप सदस्यों ने मृतक की चारों बेटियों के नाम पर 85- 85 हजार रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट जमा करने के लिए मौके पर ही पोस्ट ऑफिस के एजेंट को बुलाकर तीन लाख 40 हजार रूपये की राशि सुपुर्द की गई ।

सार-समाचार

गोपाल सिंह का निधन

गोपाल सिंह

भरतपुर (निस)। क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष एड गोपाल सिंह का निधन 9 जुलाई को हृदयगति रूकने से हो गया। गोपाल सिंह के निधन का समाचार सुनकर समाज में दुख व्याप्त हो गया। एड के निधन पर कईयों सामाजिक दलों, जाट समाज, सर छोटूराम पशुधन सहायक प्रशिक्षण संस्थान, भरतपुर के छात्रों ने 2 मिनिट का मौन रखकर एड गोपाल सिंह को श्रद्धांजलि दी। मौन कार्यक्रम में डॉ. प्रेम सिंह कुन्तल ने एड. गोपाल सिंह की अच्छाईयों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एड गोपाल एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार व लग्नशील कर्मयोगी की भूमिका में रहे। एड गोपाल ने विभिन्न समाजिक व सहकारी समितियों में उच्च पद पर रहकर समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा की। मौन कार्यक्रम में डॉ. प्रेम सिंह कुन्तल, राकेश फौजदार, थान सिंह जटमासी, छत्तर सिंह बछामदी, गोविन्द सिंह भगौर, साहब सिंह एड0, नौनिहाल सिंह डागुर, ओमप्रकाश आजाद, उमेश गोधारा, ईश्वर सिंह बछामदी, सत्यप्रिय आर्य,डॉ. अशोक कुमार अठावाल, हिमांशु कुन्तल, प्रदीप गुप्ता, शिवम शर्मा, योगेश कुमार चौधरी, हरवीर सिंह, धर्म सिंह, मधु सिंह, मंजू कुन्तल आदि उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अभूतपूर्व बजट पर पटाखे फोडकर भरतपुर के लिए दी गयी सौगातों के कारण खुशी बनायी गयी उक्त मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि भाजपा के शासन काल में ही भरतपुर का विकास एवं उद्दार हुआ आज ही भजनलाल सरकार द्वारा भरतपुर के लिए जो सौगाते दी गयी है वह अद्वितिय है तथा राजस्थान के विधानसभा में पेश किया गया बजट कीर्तिमान स्थापित करेगा वरिश्ठ नेता गिरधारी गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार द्वारा जो बजट पेश किया है। वह रोजगारो उन्नमुखी एवं युवाओं के उत्साहवर्धक है आज आमजन में खुशी की लहर दौड़ गयी है जिला उपाध्यक्ष मोहन रारह ने कहा कि उक्त बजट स्वर्णीय अक्षरो में राजस्थान के विकास का पथ अग्रसित करेगा तथा समग्र विकास की ओर इंगित करेगा जिला प्रवक्ता अशोक सिंघल ने बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि भरतपुर की सुजान गंगा एक सोसाइट पांईट बन गयी थी उसके काया कल्प के लिए डीपीआर. बनाने हेतु बजट का प्रावधान सुजान गंगा रीयासतकालीन रुप की झलक को याद कराता है आमजन में उक्त बजट के स्वीकृत होने से सीवर टैंक के रुप में उभरी सुजान गंगा नहर के जीर्णोद्वार का पथ अठासित करती है। जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह महुआ ने कहा कि उक्त बजट से भरतपुर में नये उद्योग धंधो के लिए मार्ग अग्रसित होगा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में भरतपुर के लिए जो सौगाते दी वह अकल्पनीय है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर गौड़, उमेश पाराशर, उत्तम शर्मा कार्यालय प्रभारी, दिनेष भातरा, प्रो. जग्गो सिंह, दीपक मुदगल पार्षद, कुलदीप पोशवाल, मनीष पहलवान, राकेश खौंकर, अनिल शर्मा अनाह, ऋषभ बंसल, धर्मेन्द्र जाटव, नरेश जाटव, चन्द्रवीर जघीना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

न्यायालय परिसर में पौधे रोपे

भरतपुर (निस)। भरतपुर न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम बार एसोसिएशन समिति भरतपुर के अध्यक्ष अरविन्द सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केशव कौशिक जिला एवं सैशन न्यायाधीश भरतपुर व विशिष्ट अतिथि स्नेहा जाखड मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भरतपुर व सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अंकिता चन्द्रावत विशिष्ट एसीजेएम (किराया अधिकरण) थे। वृक्षारोपण बार सभागार के सामने पार्क तथा पुरानी कचहरी प्रांगण में किया गया जिसमें मुख्य रूप में गुलराज गोपाल खंडेलवाल एडवोकेट, श्रीनाथ शर्मा, ताराचंद शर्मा, हरिओम सिंघल, सत्येन्द्र गोयल, प्रमोद चौधरी खेमरा, जमुना प्रसाद शर्मा, गोपाल सिंह खूंटेला, महावीर सिंह सोलंकी, अशोक कुमार सहना, धर्मेन्द्र सिनसिनी, शिवसिंह लोधी, ओमप्रकाश शर्मा, जितेन्द्र कुमार शर्मा आदि अधिवक्ता थे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति एडवोकेट ने किया।

जनसंख्या जागरूकता रैली निकली

भरतपुर (निस)। विश्व जनसंख्या दिवस से एक दिवस पूर्व रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभांरभ स्वास्थ्य भवन से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर ने प्रचार रथ एलईडी बैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस बार विश्व जनसंख्या दिवस विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान की अवधारणा पर आयोजित किया जा रहा है। रैली में नर्सिंग स्टूडेंट, नर्सिग टयूटर, सांख्यिकी अधिकारी लक्ष्मीकात शर्मा, निर्भय गोयल, राममोहन जांगिड, मोहित शर्मा, आईपास संस्था से बलवीर सिंह, हरेन्द्र, प्रदीप आदि लोग मौजूद रहे। राज्य की जनसंख्या नीति के तहत जनसंख्या स्थायितव के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस क्षेत्र में कार्यरत सभी संस्थाओं के पूर्ण सहयोग की आवष्यकता है। विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान की थीम अवधारणों के साथ वर्ष 2024 का विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई 2024) को नगर निगम सभागार में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जायेगा। इसके अन्तर्गत राज्य स्तर से प्राप्त गाइड लाईन अनुसार संस्था का चयन वर्ष 2023-24 में परिवार कल्याण एवं आरसीएच गतिविधियां जैसे नसबंदी, बालिका सम्बल योजना, पीपीआईयूसीडी, अंतरा (परिवार कल्याण), गर्भवती महिलाओं की जांच, संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व व पश्चात सेवायें पूर्ण टीकाकरण के आधार पर निर्धारित भार अंको पर चयन किया गया है।

कुहू स्कूल के सुपर 40 बैच में लिया 30 विद्यार्थियों ने प्रवेश

गंगापुर सिटी । जिला मुख्यालय की नसिया कॉलोनी स्थित कुहू इंटरनेशनल एकेडमी ने शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए नीट की तैयारी के लिए सुपर 40 बैच बनाया है।

एकेडमी हैड अमित कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के अंदर बढते हुए कॉम्पिटिशन एवं योग्यता को देखते हुए सुपर 40 बैच बनाया गया है। जिसमें जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 10 में 95 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं वे विद्यार्थी इस बैच में बिल्कुल फ्री में एडमिशन लेकर डॉक्टर बनने की तैयारी कर सकते हैं । अमित शर्मा ने बताया कि सुपर 40 बैच में अभी तक 15 दिनों में 30एडमिशन हो चुके हैं सिर्फ 10सीटे शेष हैं । प्रवेश प्रक्रिया पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी एवं नीट 2025 में 650से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को एकेडमी की ओर से 51000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किया जाएगा।

साथ ही बताया कि जो भी विद्यार्थी टार्गेट बैच की तैयारी कर रहे है वे विद्यालय की टेस्ट सीरीज भी जॉइन कर सकते है या फिर विद्यालय के टारगेट बैच में भी प्रवेश लेकर पढाई कर सकते है । अन्य जानकारी के लिए निम्न नंबर 9216607147 पर सम्पर्क कर सकते है ।

नीम,बरगद,पीपल के पौधे रोपे

सांसों का कर्ज चुकाना कार्यक्रम के तहत किया वृक्षारोपण

गंगापुर सिटी 10 जुलाई। लायंस क्लब गंगापुर सिटी द्वारा प्रांतीय कार्यक्रम के अनुसार आज पौधारोपण कार्यक्रम सांसों का कर्ज चुकाना है किया गया। यह पौधारौपण कार्यक्रम दशहरा मैदान स्थित गार्डन में किया गया जहां सभी लायन साथियों ने पहुंचकर एक पौधा अपने हाथ लगाकर अपने आप को उसकी देखभाल करने के लिए दृढ संकल्पित किया।

क्लब द्वारा नीम, बरगद, पीपल, बिल्वपत्र, जामुन इत्यादि के छायादार पेड लगाए गए। लायंस क्लब अध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों का लगाना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा पृथ्वी का विनाश निश्चित है। यदि आज हम पौधा लगाएंगे तो कल यह हमें छाया देगा, आसरा देगा, जीवनदायिनी ऑक्सीजन देगा, मीठे मीठे फल (आहार)प्रदान करेगा और अंत में बुढापे में बैशाखी के रूप में सहारा प्रदान करेगा और कभी जीवन में धोखा नहीं देगा जबकि हमारी संतति अर्थात हमारी संतान कभी भी हमें धोखा दे सकती है।

लायंस क्लब का यह प्रांतीय कार्यक्रम पौधारोपण (सांसों का कर्ज चुकाना है) 7 जुलाई से 14 जुलाई तक भिन्न -भिन्न स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत लायंस क्लब गंगापुर सिटी द्वारा 251 पेड लगाने का लक्ष्य रखा ाया है।

गंगापुर सिटी में लायन्स क्लब सदस्यों ने पौधारोपण किया।

लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन राधेश्याम विजयवर्गीय ने कहा कि पौधे दीर्घायु वाले होने चाहिए। आज इस कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति एमजेएफ लायन शिवरतन अग्रवाल भी मौजूद रहे और उन्होंने अपने हाथों से पेड लगाएं। आज के इस कार्यक्रम के संयोजक लायन सत्यनारायण पटवारी लायन भागीरथ गुप्ता रहे। इस कार्यक्रम में एमजेएफ लायन रीना पल्लीवाल, श्रीमती शारदा रानी गुप्ता, लायन राधेश्याम विजयवर्गीय, लायन अवध बिहारी, लायन कैलाश मंगलम लायन सतीश धर्म कांटा, लायन महेंद्र दीक्षित, लायन राजीव पल्लीवाल, क्लब सचिव लायन धीरज गुप्ता ,कोषाध्यक्ष लायन निर्मल शर्मा, लायन दिनेश सिंघल , लाइन अनुज शर्मा ,लायन दीनदयाल गुप्ता, लायन अरविंद गर्ग, लायन राजेंद्र अकाउंटेंट आदि ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर पौधों का रोपण किया।

दिनेश सूपा का सम्मान किया

भरतपुर (निस)। जिला काग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रथम वर्षगांठ पर सारस चौराहे स्थित होटल ईगल नेस्ट में जिला कांठोस, शहर कांठोस, मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक कार्यकारिणियों एवं समस्त अठिाम संगठनों की ओर से जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहर एवं ब्लॉक कांठोस कमेटीयों की ओर से सूपा को सूत की माला तथा मुकुट पहनाकर, साफा बांधा गया। इस अवसर पर सूपा ने कार्यकर्ताओ द्वारा लाया गया केक भी काटा। तत्पश्चात उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर जिलाअध्यक्ष दिनेश सूपा को 31 किलो के बजन की माला भी पहनाई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सभी को कांठोस पार्टी का पटका पहनाकर सम्मान किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। कार्यक्रम के अंत में अपने उद्बोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए सूपा ने अपने इस सम्मान एवं अभिनंदन के लिए उपस्थित सभी कांठोसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयो का दिल से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया तथा कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी में छोटे से लेकर बड़े पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं का बराबर सम्मान है।

कलक्टर ने किया उपखण्ड बयाना का दौरा

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने उपखण्ड क्षेत्र बयाना के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

जिला कलक्टर ने ाम अलापुरी में डम्पिंग यार्ड का निरीक्षण कर रीको के संबंधित अधिकारियों को रीको क्षेत्र बयाना से निकल रही स्लरी को इसमें डालने के निर्देश प्रदान किए एवं उपखण्ड अधिकारी बयाना राजीव शर्मा को डम्पिंग यार्ड के लिए नवीन स्थान का चयन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कस्बा बयाना में लाल दरवाजा आरओबी का निरीक्षण कर आरओबी के नीचे हो रही गंदगी पर नाराजगी व्यक्त की तथा मौके पर उपस्थित पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका को आपसी सामंजस्य स्थापित कर उक्त आरओबी के नीचे हो रहे गंदगी को शीघ्र सफाई कराकर उक्त स्थान पर वृक्षारोपण कर पार्क विकसित किए जाने के निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने ठाम मुर्रकी पहुंचकर रीको से निकल रही स्लरी के संबंध में प्राप्त शिकायत के निस्तारण के संबंध में दौरा कर रीको के अधिकारियों को उक्त स्लरी को तुरंत प्रभाव से हटवाए जाने एवं पानी की अस्थाई निकासी की व्यवस्था करवाए जाने के निर्देश प्रदान किए।

न्यायालय सिविल न्यायाधीश साहब, श्रीमहावीरजी
D.No.187/09.07.24
विजयसिंह आदि बनाम पी.एम. फाउण्डेशन आदि
प्रार्थना पत्र टी.आई./दावा, नम्बरी- 07/2024, 12/2024
यहकि उपरोक्त उनवानी दावा बावत् घोषित किये जाने स्वत्व व नल एण्ड वोइड वयनामा तारीखी 21.12.2023 व पंजीकृत दिनांक 22.12.2023 पी.एस. फाण्डेशन वहक अनिल कुमार एवं स्थायी निषेधाज्ञा तथा उक्त उनवान का प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा न्यायालय सिविल न्यायाधीश, श्रीमहावीरजी में वादीगण/सायलान विजसिंह सिंह आदि की ओर से आप पी.एस. फाण्डेशन 7-ए, राजपुर रोड, दिल्ली जरिये ऑथराइज्ड अध्यक्ष राजकुमार जैन पुत्र श्री आर.जी. जैन निवासी जे-189 ग्राण्ड फ्लोर साकेत दक्षिण दिल्ली, मालवीय नगर, दिल्ली-110017 आदि के विरूद्ध दायर कर रखे हैं, जिसमें आगामी तारीख पेशशी 16.7.2024 को दावा/प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा का उत्तर देने के लिए स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जो कि उक्त प्रकरण से सम्बंधित प्रश्नों का उत्तर दे सके और उस दिन अपनी प्रतिरक्षा या लिखित साक्ष्य दाखिल करे और ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करे। जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है तो उसे न्यायालय में पेश करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात होंगे तो प्रपकरण की सुनवाई व उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज दिनांक 09.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया। **आज्ञा से-** न्यायालय रीडर
मुहर श्रीमहावीरजी, जिला-करौली (राज.)